# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 19.07.2022

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्रतिदिन की भांति पुलिस कार्यालय, महोबा में जनतादर्शन में जनसुनवाई कर जनसामान्य की समस्याओं को सुना गया तथा सम्बन्धित को दिये आवश्यक निर्देश-





आज दिनांक 19.07.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई की गई, इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों/जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थानों को सचेत किया गया कि जनसुनवाई / महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित/शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से इतनी दूर पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो, साथ ही सभी प्र0नि0/थानाध्यक्ष को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 19.07.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय की समस्त शाखाओं का किया गया औचक निरीक्षण-

आज दिनांक 19.07.2022 को पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुधा सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा की समस्त शाखाओं का औचक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा वाचक कार्यालय, प्रधानलिपिक शाखा, आंकिक शाखा, क्षेत्राधिकारी नगर कार्यालय, जनसूचना प्रकोष्ठ, विशेष जांच प्रकोष्ठ, महिला सहायता प्रकोष्ठ, सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय अवस्थित समस्त शाखाओं का औचक निरीक्षण किया गया जिसमें सभी पत्रावलियों को वर्षवार/क्रमवार लगायें उन्हे अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया, शाखाओं में नियुक्त प्रत्येक कर्मचारी से उनको आवन्टित कार्यों की समीक्षा की गयी जिसके क्रम में समस्त कर्मचारियों को निष्ठा, मेहनत, लगन व समर्पण की भावना से अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश संबंधित शाखा प्रभारी/कर्मचारियों को दिये, निष्प्रयोज्य फाइलों/सामानों का नष्टीकरण कमेटी बनाकर किया जाये।

इसी क्रम में निरीक्षण के दौरान शाखाओं में साफ-सफाई का स्तर सन्तोषजनक न पाये जाने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा कडी आपत्ति प्रकट करते हुये कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित किया कि भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति पायी गयी तो दण्डात्मक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी, सभी को सख्त निर्देश दिये गये कि समस्त कर्मचारीगण कार्यालय समय से आयें समय से न आने पर सम्बन्धित की सैलरी से वेतन कटौती के निर्देश दिये गये।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय, प्रतिसार निरीक्षक श्री सैन्यजीत सिंह सहित पुलिस कार्यालय में नियुक्त समस्त शाखाओं के शाखा प्रभारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।





प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 19.07.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना चरखारी पुलिस टीम ने चोरी के वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री अजय कुमार अग्रवाल नगर श्री रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में वारण्टी/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा अभियान के क्रम में थाना चरखारी प्रभारी निरीक्षक श्री उमापति मिश्रा द्वारा गठित की गयी उ0नि0 सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने देखभाल क्षेत्र शान्ति सुरक्षा व्यवस्था व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन व पतारसी सुरागरसी मे मामूर थे कि मुखबिर खास की सूचना के आधार पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 **65/22** धारा **379/411** भा.द.वि. से संबंधित दो नफर वांछित अभियुक्त **1.** वीर सिंह राजपूत पुत्र हरनारायण राजपूत उर्फ हन्नू उम्र 40 वर्ष 2. जगभान राजपूत पुत्र विश्वनाथ राजपूत उम्र 42 वर्ष को छोटी नहर गुढा बहद ग्राम गुढा से गिरफ्तार किया गया, बाद आवश्यक कार्यवाही के उपरान्त अभियुक्तगण को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली टीम-

**1.** उ0नि0 सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया

**2.** का. अनूप कुमार रत्न **3.** का. कुलदीप यादव थाना चरखारी जिला महोबा

### गिरफ्तार अभियुक्त –

**1.** वीर सिंह राजपूत पुत्र हरनारायण राजपूत उर्फ हन्नू उम्र 40 वर्ष नि. ग्राम बसबारी थाना मुस्करा जनपद हमीरपुर

2. जगभान राजपूत पुत्र विश्वनाथ राजपूत उम्र 42 वर्ष नि. ग्राम देवरा थाना मझगंवा जनपद हमीरपुर



# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 19.07.2022**

**मीडिया सेल, महोबा**

## अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना कोतवाली महोबा का किया गया औचक निरीक्षण-




आज दिनांक 19.07.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्री आर0के0 गौतम द्वारा थाना कोतवाली महोबा का औचक निरीक्षण किया गया इस दौरान सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात, मेस, बैरक, कम्प्यूटर कक्ष आदि का निरीक्षण किया गया, थाना कार्यालय में अपराध रजिस्टर व अन्य रजिस्टरों/अभिलेखों का निरीक्षण किया गया तथा उक्त रजिस्टरों/अभिलेखों का व्यवस्थित रख-रखाव सुनिश्चित करने व सम्पूर्ण थाने में साफ-सफाई की व्यवस्था बेहतर किये जाने के आवश्यक निर्देश दिए गए।

अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा महिला हेल्प डेस्क के रजिस्टर व सीसीटीएनएस कक्ष की समीक्षा की गयी जिसमें महिला पुलिस कर्मियों को फरियादियों से अच्छे व्यवहार करने व उनकी समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए साथ ही सीसीटीएनएस कर्मियों से सभी अभिलेखों को कम्प्यूटर में अंकन करने के निर्देश दिये गये।




इसी क्रम में थानास्थानीय पर स्थापित साइबर हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया गया तथा साइबर अपराध सम्बन्धी मामलो को समय से दर्ज कर त्वरित आवश्यक कार्यवाही करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये।

इस दौरान प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली महोबा श्री बलराम सिंह सहित थाना कोतवाली महोबा के अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

## थाना महोबकंठ पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे 04 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध जनपदीय पुलिस टीम द्वारा चलाये जा रहे अवैध जुआ, सट्टा की रोकथाम अभियान के अनुपालन के क्रम में दिनांक 19.07.2022 को थाना महोबकंठ प्रभारी निरीक्षक श्री बीरेन्द्र प्रताप सिहं द्वारा गठित टीम उ0नि0 देवेन्द्र कुमार ओझा द्वारा सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे 04 नफर अभियुक्तों को ग्राम रिछारा व टिकरिया के मध्य स्थित हनुमान मन्दिर के पीछे से जरिये ताश पत्ता हारजीत की बाजी लगाकर जुआँ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में अभियुक्तगणों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 118/22 धारा 13 जुआँ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 देवेन्द्र कुमार ओझा थाना महोबकंठ जनपद महोबा
2.का0 अंशुल प्रताप 3.का0 श्यामू कुमार 4.का0 योगेन्द्र कुमार

**बरामदगी-** मालफड़- 3950 रु0/-, जामातलाशी 550 रु0/-
व 52 अदद ताश पत्ता

### गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1.रोहित सुलेरी पुत्र जमुना प्रसाद उम्र 20 वर्ष नि0 ग्राम जौरन थाना अलीपुरा (म0प्र0) 2. संकेत यादव पुत्र चन्द्रपाल यादव उम्र 25 वर्ष नि0 ग्राम सतौरा थाना महोबकंठ जनपद महोबा 3. राजीव यादव पुत्र बदी प्रसाद उम्र 22 वर्ष 4. मनोज यादव पुत्र रमेश चन्द्र उम्र 30 वर्ष नि0गण ग्राम टिकरिया थाना महोबकंठ जनपद महोबा



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 19.07.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में शांति एंव कानून व्यवस्था के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस बल द्वारा पैदल गस्त कर आम-जनमानस को दिलाया गया सुरक्षा का भरोसा।




आज दिनांक **19.07.2022** को पुलिस अधीक्षक महोबा सुधा सिंह के निर्देशन में जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रो में संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त करते हुए स्थानीय लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखनें,अराजकता फैलाने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की गयी तथा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल में तथा सभी थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार, धार्मिक-स्थल, बस-स्टैण्ड,रेलवे स्टेशन ढाबा आदि जगहों पर पैदल गस्त करते हुए यातायात नियमों को उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए वाहनों के चालान व सीज करने की कार्यवाही की गई।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा शराब की दुकानों का निरीक्षण किया गया एवं सेल्समैन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।
यातायात नियमों के उल्लंघन पर **85** ई-चालान किये गये।






महोबा पुलिस